SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 18 मार्च 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 166

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पाकिस्तान : सिंधु नदी पर नहरों के निर्माण का विरोध, सिंध में प्रदर्शनों का सिलसिला जारी

**सिंध ।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सिंधु नदी पर नई नहरों के निर्माण का विरोध बढ़ता जा रहा है। इन परियजोनाओं के लिए खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। नेशनल ट्रेड यूनियन फेडरेशन पाकिस्तान (एनटीयूएफ) और युवा संगठन की ओर से कराची के प्रेस क्लब में सिंधु नदी: सिंध की जीवनरेखा खतरे में शीर्षक से एक सेमिनार आयोजित किया गया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सेमिनार में वक्ताओं ने सिंधु नदी के क्षरण से उत्पन्न पारिस्थितिक और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला। वहीं चोलिस्तान परियोजना और सिंधु नदी पर अन्य नहरों के खिलाफ पाकिस्तान फिशरफोक फोरम की रैली में राजनीतिक और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में मछुआरों ने भी भाग लिया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि सिंधु नदी पर न नहरें, न बांध और न कट हों। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे प्रांत में आयोजित विरोध प्रदर्शनों और रैलियों में लोगों की असामान्य रूप से व्यापक भागीदारी देखी गई। सडक़ पर उतरे लोग सिंधु नदी पर छह और नहरों के निर्माण की परियोजना को समाप्त करने की मांग कर रहे थे। इस सप्ताह की शुरुआत में, छह नई नहरों के निर्माण पर संसद के संयुक्त सत्र में पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के भाषण को सिंधु नदी बचाओ आंदोलन (एसआईआरएम) ने खारिज कर दिया और असंवैधानिक परियोजनाओं के खिलाफ प्रांतव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की।

### यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में 53 लोगों की मौत, 100 से ज्यादा घायल

**सना ।** यमन की राजधानी सना में रातभर हुए अमेरिकी हमलों में पांच महिलाओं और दो बच्चों समेत कम से कम 53 लोग मारे गए। हूती द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, हमलों में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अमेरिका ने यमन के ईरान समर्थित हूतियों विद्रोहियों के खिलाफ अपने हमलों को तेज कर दिया है। शनिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा के साथ एकजुटता में लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर हमला करने वाले विद्रोहियों के खिलाफ अत्यधिक घातक बल का उपयोग करने की शपथ ली। यमन की राजधानी सना और अन्य क्षेत्रों में कई अमेरिकी हमलों में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। हूती लड़ाकों ने भी जवाबी कार्रवाई में तेजी लाने की कसम खाई है, क्योंकि अक्टूबर 2023 में गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से उन्हें सबसे बड़े हमलों में से एक का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका ने रविवार आधी रात से यमन में कई ठिकानों पर रातभर हवाई हमले किए, जिनमें राजधानी सना और हूती के गढ़ सदा प्रांत समेत अन्य स्थान शामिल थे। ट्रंप ने कहा कि हूतियों को लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर अपने हमले बंद करने चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो उन पर ऐसे हमले किए जाएंगे जो पहले कभी नहीं देखे होंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को सीबीएस न्यूज को बताया कि हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक ईरान समर्थित लड़ाकों के पास अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर हमला करने की क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हो जाती। हूती लड़ाकों ने बार-बार लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय जहाजों को निशाना बना रहे हैं और दो जहाजों को डुबो चुके हैं।

# अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड हमले का एक आरोपी मुठभेड़ में ढेर, दूसरा फरार; पुलिस पर दोनों ने चलाई गोलियां

**अमृतसर ।** आरएनएस



अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड फेंकने वालों में से एक को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान ढेर कर दिया है। आज सुबह पुलिस और हमलावरों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें आरोपी गुरसिदक उर्फ सिदकी मारा गया, जबकि उसका साथी विशाल उर्फ चुई फरार हो गया।

जानकारी के मुताबिक सीआईए और छेहर्टा पुलिस की टीमों ने आरोपियों को पकडऩे के लिए अभियान चलाया था, जिसके दौरान यह मुठभेड़ हुई। पुलिस को घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल के बारे में सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने उसकी जांच शुरू की। पूछताछ में गुरसिदक और विशाल के नाम सामने आए थे। पुलिस को सूचना मिली कि ये दोनों आरोपी राजासांसी इलाके में घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

सुबह के समय जब पुलिस ने आरोपियों की मोटरसाइकिल को रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। इस फायरिंग में कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह के बाएं हाथ पर गोली लगी, जबकि एक गोली इंस्पेक्टर अमोलक सिंह की पगड़ी पर और एक पुलिस वाहन पर भी लगी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसमें गुरसिदक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका साथी विशाल मौके से फरार हो गया।

घायल आरोपी गुरसिदक और कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान गुरसिदक की मौत हो गई। फिलहाल, फरार आरोपी विशाल की तलाश जारी है और पुलिस उसे पकडऩे के लिए छापेमारी कर रही है।

पुलिस ने इस मामले में बिहार से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस की जांच के मुताबिक, ये सभी आरोपी भारत से दूर नेपाल जाने की फिराक में थे। ये आरोपी ग्रेनेड और गैरकानूनी हथियारों की सप्लाई किया करते थे। ठाकुरद्वार मंदिर पर ये हमला देर रात 12:30 पर किया गया था। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, दो बाइक सवार शख्स आए और एक ने ग्रेनेड से मंदिर पर हमला कर दिया और दोनों ही मौके से फरार हो गए थे।

### कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**श्रीनगर (आरएनएस)।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के खुरमोरा राजवार इलाके में नियंत्रण रेखा के पास आज सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बलों ने आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने पर इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया था। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। हालांकि, आतंकवादी घेराबंदी तोडक़र भागने में सफल रहे। सुरक्षा बलों ने भागे हुए आतंकवादियों को पकडऩे के लिए इलाके में अपना तलाशी अभियान जारी रखा है। मुठभेड़ में एक सुरक्षाकर्मी के घायल होने की सूचना है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल इलाके में सुरक्षा बलों का घेरा मजबूत है और आतंकवादियों की तलाश जारी है।

## केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को दी मंजूरी, चंद्रयान-4 की लॉन्चिंग पर आया बड़ा अपडेट



**नई दिल्ली ।** आरएनएस

केंद्र सरकार ने महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-5 को मंजूरी दे दी है। इसरो के अध्यक्ष वी.नारायणन ने इस बात की जानकारी दी है। इसके साथ ही इस बात की जानकारी भी सामने आई है कि भारत का चंद्रयान-4 मिशन कब तक लॉन्च किया जाएगा।

इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने बताया बस 3 दिन पहले ही हमें चंद्रयान-5 मिशन के लिए मंजूरी मिली है। हम इसे जापान के सहयोग से करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत के चंद्रयान-5 मिशन के तहत, चंद्रमा की सतह का अध्ययन करने के लिए 250 किलोग्राम का रोवर भेजा जाएगा। इसरो ने रविवार को ये भी बताया कि चंद्रयान-4 मिशन कब लॉन्च होगा।

इसरो अध्यक्ष ने बताया कि संभावना है कि चंद्रयान-4 को साल 2027 में प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो अध्यक्ष ने बताया है कि चंद्रयान-4 मिशन का मकसद चंद्रमा से इकट्ठा किए गए नमूनों को वापस लाना है।

## कर्नल और उनके बेटे को बेसबैट से मारने पर पंजाब पुलिस पर बड़ा एक्शन, 12 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**पटियाला ।** आरएनएस


पंजाब के पटियाला में सेना के कर्नल और उनके बेटे से मारपीट के मामले में पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में 12 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है। मारपीट का पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया था। परिजनों ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई।

जानकारी के अनुसार, पूरा विवाद पार्किंग को लेकर हुआ था। एसएसपी नानक सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि 13-14 मार्च की रात राजेंद्र हॉस्पिटल के बाहर एक घटना हुई थी। सेना के कर्नल और उनके बेटे के साथ पुलिस की झड़प हुई। इस घटना का हमें बहुत दुख है। यह घटना नहीं होनी चाहिए थी। ऐसी घटना पहले कभी नहीं घटी। इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए 12 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। 45 दिन में जांच पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि हम सेना के अधिकारी के मामले में माफी मांगते हैं। हम सेना का पूरा सम्मान करते हैं। कर्नल की पत्नी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनके पति पुष्पिंदर सिंह बाठ और उनके बेटे अंगद सिंह को पुलिस इंस्पेक्टर हरजिंदर सिंह ढिल्लों, इंस्पेक्टर हैरी बोपाराय और इंस्पेक्टर रौनी सिंह और उनके लगभग 10 पुलिसकर्मियों ने डंडों, बेसबॉल के बैट और कुछ तेजधार हथियारों से बेरहमी से पीटा। इस दौरान उनके पति को कई चोटें आई हैं। उनका बायां हाथ टूट गया। जबकि बेटे अंगद सिंह के सिर पर गहरी चोट लगी है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कर्नल की पत्नी ने शिकायत में यह भी बताया था कि घटनास्थल की फुटेज में सब कुछ साफ है। घटना के बाद पति और बेटे का बयान बहुत देरी से दर्ज किया गया। लेकिन आज तक संबंधित पुलिस स्टेशन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## चीन की बढ़ती ताकत चुनौती... भारत को आगे बढ़ने से रोक रहा, सेना प्रमुख ने ड्रैगन को लेकर किया बड़ा दावा

**नई दिल्ली ।** आरएनएस



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने चीन को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि चीन ग्लोबल साउथ में भारत को आगे बढऩे नहीं देना चाहता है। वह यहां प्रतिस्पर्धा पैदा कर रहा है और भारत के प्रयास को बाधित करता है। आर्मी चीफ ने कहा कि भारत को भविष्य के शक्ति केंद्र के रूप में अफ्रीका की संभावनाओं पर विचार करने की जरूरत है।

सेना प्रमुख ने कहा कि चीन की बढ़ती ताकत और वैश्विक स्तर पर उसकी भूमिका ग्लोबल साउथ में प्रतिस्पर्धा पैदा करती है। उसकी सामरिक शक्ति सुरक्षा के लिहाज से चुनौती पैदा करती है। दरअसल, चीन ग्लोबल साउथ के देशों के बीच एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत 7वां सबसे बड़ा देश होने के बावजूद वैश्विक स्तर पर अपेक्षाकृत निचले पायदान पर बना हुआ है। सेना प्रमुख ने कहा कि ब्रिक्स को भी असफलताओं का सामना करना पड़ा है। हमें एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है।

सेना प्रमुख की ये बातें चीन के बढ़ते आर्थिक और सामरिक प्रभाव को लेकर भारत के सामने आने वाली चुनौतियों को स्पष्ट करता है। चीन की बढ़ती ताकत और वैश्विक स्तर पर उसकी भूमिका का भारत पर कई दृष्टिकोणों से प्रभाव पड़ता है। जहां चीन की बढ़ती आर्थिक ताकत वैश्विक व्यापार और निवेश पर प्रभाव डाल रही है, वहीं उसकी सामरिक वृद्धि भारत के लिए सुरक्षा के लिहाज से चुनौती पैदा करती है। भारत के लिए यह केवल एक आर्थिक और सामरिक चुनौती नहीं है, बल्कि वैश्विक निर्णयों पर प्रभाव डालने में भी यह एक बड़ा संकट है।

## पाकिस्तानी महिला ने अवैध रूप से भारत-पाकिस्तान सीमा पार कर राजस्थान में की एंट्री, पकड़े जाने पर लौटने से किया इनकार

**जयपुर ।** आरएनएस



सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सोमवार को एक पाकिस्तानी महिला को हिरासत में लिया। यह महिला बलूचिस्तान की रहने वाली है और अवैध रूप से भारत-पाकिस्तान सीमा पार कर राजस्थान में घुस आई थी।

अधिकारियों ने बताया कि महिला को सुबह श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में विजेता चौकी से गिरफ्तार किया गया।

महिला ने पाकिस्तान लौटने से साफ इनकार कर दिया है और दावा किया है कि उसके वापस लौटने पर उसकी जान को खतरा होगा।

अधिकारियों के अनुसार, महिला सुबह करीब 5.30 बजे कांटेदार तार की बाड़ पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गई।

विजेता चौकी पर तैनात बीएसएफ जवानों ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया।

शुरुआती पूछताछ के दौरान उसने भारत में शरण लेने की इच्छा जताई और कहा कि यदि उसे वापस भेजा गया तो उसकी जान को खतरा हो सकता है।

हिरासत में ली गई महिला ने खुद को हुमारा (33) बताया है, जो बलूचिस्तान के केच जिले के दगरी खान गांव की रहने वाली है। उसने यह भी बताया कि उसके पति का नाम वसीम है और उसके माता-पिता मूल रूप से कराची के रहने वाले हैं।

सुरक्षाकर्मियों ने उसके पास से एक मोबाइल फोन और आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहन जांच कर रही हैं।

अधिकारी यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि महिला ने सीमा पार क्यों की और क्या उसका किसी संदिग्ध संगठन से संबंध है।

बीएसएफ अधिकारियों ने पुष्टि की कि उसे भारतीय क्षेत्र में 50 मीटर अंदर से पकड़ा गया।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), सीआईडी और पुलिस सहित खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है।

जांचकर्ता इस बात का आकलन कर रहे हैं कि क्या उसका सीमा पार करना दुर्घटनावश हुआ था या यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा था।

अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल महिला बीएसएफ की हिरासत में है और उससे पूछताछ चल रही है।

पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत कौशिक ने बताया, यह घटना विजेता पोस्ट पर हुई। सुबह करीब साढ़े पांच बजे एक पाकिस्तानी महिला कंटीली तार की बाड़ पार कर भारतीय क्षेत्र में घुस आई। हालांकि, विजेता पोस्ट पर तैनात जवानों ने उसे पकड़ लिया। अधिकारी महिला से पूछताछ कर रहे हैं और जांच के तहत उसके मोबाइल फोन की जांच कर रहे हैं।

## मुंबई में रफ्तार का कहर, सड़क किनारे सो रहे शख्स को वाहन ने कुचला, पुलिस चालक की तलाश में जुटी

**मुंबई ।** आरएनएस

मुंबई के विले पार्ले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां सडक़ किनारे सो रहे 55 वर्षीय शख्स को एक जेसीबी ने कुचल दिया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। जुहू पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है। जुहू पुलिस के मुताबिक, नंबाकबंदी करते समय एक शख्स उनके पास आया और उसने बताया कि एक व्यक्ति खून से लतपथ सडक़ किनारे पड़ा है। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने घटना स्थल पर मौजूद सीसीटीवी कैमरा चेक किया। सीसीटीवी फुटेज में सडक़ निर्माण कार्य में लगी जेसीबी को देखा गया। चालक ने रिवर्स लेते समय सडक़ किनारे सो रहे शख्स पर जेसीबी को चढ़ा दिया। इसके बाद वे मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जेसीबी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश में शुरू कर दी है।

बता दें कि इसी साल जनवरी में नवी मुंबई के तलोजा एमआईडीसी क्षेत्र में हिट एंड रन का मामला सामने आया था। तेज रफ्तार वाहन चालक ने दो लोगों को अपनी गाड़ी से कुचल दिया था। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह हादसा एक सीसीटीवी में कैद हो गया था।

## अमेरिकी राष्ट्रपति को खूब पसंद आया पीएम मोदी का पोडकास्ट, ट्रंप ने सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो

**वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार सुबह (भारतीय समयानुसार) अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करीब तीन घंटे का लंबा पॉडकास्ट शेयर किया। अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ उनका यह पॉडकास्ट चर्चा का विषय बना हुआ है।

बातचीत के दौरान, पीएम मोदी ने ट्रंप के साथ अपने सौहार्दपूर्ण संबंधों के बारे में बात की। उन्होंने ट्रंप की 'विनम्रता' की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ट्रंप अपने पहले कार्यकाल की तुलना में दूसरे कार्यकाल के लिए कहीं अधिक तैयार दिखाई दिए।

पीएम मोदी ने हाल ही में हत्या के प्रयास के बाद भी ट्रंप के दृढ़ संकल्प और अमेरिका के प्रति उनके अटूट समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, गोली लगने के बाद भी वह अमेरिका के प्रति अडिग रहे। उनका जीवन उनके देश के लिए था। इससे उनकी अमेरिका फर्स्ट भावना का पता चलता है, ठीक वैसे ही जैसे मैं राष्ट्र प्रथम – भारत प्रथम में विश्वास करता हूं।

प्रधानमंत्री ने 2019 में 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम को याद करते हुए कहा कि ट्रंप ने दर्शकों के बीच बैठना चुना और इसे उनकी विनम्रता का प्रमाण बताया। व्हाइट हाउस की अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे ट्रंप प्रोटोकॉल तोडक़र व्यक्तिगत रूप से उन्हें राष्ट्रपति निवास के दौरे पर ले गए।

उनसे जब ट्रंप की पिछली टिप्पणी के बारे में पूछा गया कि पीएम मोदी बेहतर वार्ताकार हैं, तो प्रधानमंत्री ने इसका श्रेय अमेरिकी राष्ट्रपति की शालीनता और विनम्रता को दिया। पीएम मोदी ने कहा, उनके दिमाग में एक स्पष्ट रोडमैप है, जिसमें अच्छी तरह से परिभाषित कदम शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक को लक्ष्यों की ओर ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि वार्ता के लिए उनका अपना दृष्टिकोण हमेशा भारत के हितों से प्रेरित होता है।

## मौसम बदलते ही माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**बोले व्यवस्थाएं पहले से ज्यादा अच्छी**

**कटरा ।** आरएनएस



जम्मू-कश्मीर के कटरा में गर्मियों की शुरुआत के साथ ही माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। देश के अलग-अलग राज्यों से आए तीर्थयात्री बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

श्राइन बोर्ड तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए कई व्यवस्थाएं कर रहा है। इसमें हेलीकॉप्टर सेवाएं, घोड़े, पालकियां और मुफ्त सामुदायिक लंगर शामिल हैं। ये सुविधाएं यात्रा को आसान और आरामदायक बनाने में मदद कर रही हैं। मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग पर भी बोर्ड लगातार निगरानी रख रहा है।

गर्मियों में हर साल यहां श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती है। भक्त माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए उत्साह के साथ कटरा पहुंच रहे हैं। श्राइन बोर्ड ने सभी तीर्थयात्रियों से नियमों का पालन करने की अपील की है।

नागपुर से आई श्रद्धालु ने आईएएनएस से बताया कि मैं यहां पर दूसरी बार आई हूं। मुझे यहां पर आकर बहुत तरह के बदलाव देखने को मिल रहे हैं, जिन्हें देखने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मैं लॉकडाउन से पहले आई थी और अब फिर आई हूं। मुझे यहां पर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यहां हर तरह की व्यवस्था रहती है। हमें कोई दिक्कत नहीं होती है। यहां आकर हमें बहुत अच्छा लगता है। मन को बहुत शांति मिलती है। यहां मुझे ऐसा कुछ भी नहीं लगा कि किसी से भी ज्यादा पैसे लिए जा रहे हैं, जो सामान जितने का है, उतने का ही मिल रहा है।

श्रद्धालु गीता शहगल ने बताया कि मैं यहां अपने पूरे परिवार के साथ बचपन से आ रही हूं। हम यहां पर हर साल आते हैं। कई बार साल में तीन से चार बार भी आते हैं। हमें यहां आकर बहुत अच्छा लगता है। माता जब कभी भी हमें बुलाती है, तो हम दौड़े-दौड़े चले आते हैं। यहां पर बहुत अच्छी सुविधाएं हैं। हमें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है।

रायपुर से आई अन्य श्रद्धालु ने बताया कि मैं शादी के बाद पहली बार यहां पर आई हूं। मुझे यहां पर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यहां बड़ी संख्या में लोग आए हुए हैं। लेकिन, बिल्कुल भी भीड़ का एहसास नहीं हो रहा है, जिससे यह साफ जाहिर हो रहा है कि किस तरह से पूरी भीड़ का प्रबंधन किया गया है। हम लोग यहां पर आकर बहुत ही उत्साहित हैं। सभी को अपनी जिंदगी में एक बार यहां पर जरूर आना चाहिए।